## महत्वपूर्ण एवं खास

### व्हीटीपी पाठ्यक्रम के लिए 30 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक रायगढ़ के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत व्हीटीपी पाठ्यक्रम (इलेक्ट्रिकल डोमेस्टिक साल्यूशन पॉवर) का नि:शुल्क प्रशिक्षण शुरू किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण में भाग लेने के इच्छुक उम्मीदवार किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक रायगढ़ में 30 नवम्बर तक आवेदन कर सकते है। प्रशिक्षणार्थी को कक्षा आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी सभी अंक सूचियों एवं दस्तावेजों की मूल प्रति एवं एक छायाप्रति के साथ दो पासपोर्ट फोटो के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते है। अन्य जानकारी के लिए इलेक्ट्रीशियन भागवत वर्मा मोबा.नं. 97536-99579 में संपर्क कर सकते है।

### बसंत को मिल गई ट्राईसाइकिल, अब फिर से शुरू करेंगे अपनी पढ़ाई

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी के निर्देशन में आज बसंत को ट्राइसाइकिल प्रदान किया गया। बसंत जो 80 प्रतिशत दिव्यांग हैं, जिन्होंने अपनी पढ़ाई छोड़ दी थी, वे दस दिन पूर्व कलेक्टर के समक्ष ट्राइसाइकिल की मांग लेकर आए हुए थे। आज उन्हें समाज कल्याण विभाग द्वारा नई ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। जनदर्शन के दौरान कलेक्टर से मिलने आए बसंत की खुशी का ठिकाना नहीं था, उन्होंने कलेक्टर को कहा कि वे दुगुने उत्साह से अब अपनी पढ़ाई शुरू करने वाले हैं। बसंत के पिता ने बताया कि बसंत को मस्कुलर डिस्ट्राफी (पेशीय अपक्षय) की समस्या है, इस कारण से पेशियों का विकास अवरूद्ध हो जाता है और भूख नहीं लगती है। उसके पिता ने कहा कि एक बार अगर बसंत की अच्छे से जाँच संभव हो जाती तो उनके लिए यह बहुत बड़ी मदद हो जाती। कलेक्टर डॉ. सिद्दकी ने तुरंत स्वास्थ्य विभाग को बसंत के लिए आवश्यक जांच करने के निर्देश दिए। बसंत और उसके पिता ने पुन: कलेक्टर का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने राजस्व एवं नगरीय प्रशासन विभाग की ली समीक्षा बैठक

#### अवैध निर्माण के मामलों में सख्त कार्यवाही के दिए निर्देश

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशन में अवैध निर्माण के नियमितीकरण के कार्य में तेजी लाने के लिए कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने आज एसडीएम, सीएमओ और तहसीलदार की बैठक लेकर इसमें त्वरित कार्य करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर डॉ. सिद्दकी ने कहा कि आप सभी इस कार्य को पहली प्राथमिकता में लेते हुए अपने विभागीय स्तर पर जांच कर अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें अन्यथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि जिले में रजिस्ट्री का कार्य बहुत ही धीमा है। मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों को मद्देनजर रखते हुए उन्होंने कहा कि सभी अपने स्तर पर गहन जाँच शुरू करें एवं अवैध कालोनाइजर को ढूंढ कर उनके बारे में जानकारी इक_ा कर पूरी कड़ाई के साथ काम करते हुए सख्त कार्यवाही करें। इसके साथ ही रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) के कार्यों की जानकारी ली। प्रमाणीकरण एवं ऋण पुस्तिका के मामले एवं अन्य लंबित कार्यों की सिलसिलेवार समीक्षा करने के पश्चात् सभी को दो दिनों के भीतर जाँच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## शासकीय योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन के लिए अहम कड़ी है मितानिन- विधायक नायक

- विधायक, कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों के साथ मितानिनों का हुआ सीधा संवाद





**रायगढ़।** विधायक प्रकाश नायक के मुख्य आतिथ्य में आज मिनी स्टेडियम रायगढ़ में स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन एवं जनसंवाद मितानिन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकर पटेल, महापौर जानकी काटजू एवं कलेक्टर रानू साहू उपस्थित रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नायक ने कहा सभी मितानिन शासन की अहम कड़ी होती है। शासन की कोई भी योजना हो चाहे वो जनगणना हो या स्वास्थ्य सभी कार्यों को मितानिन के सहयोग के माध्यम से क्रियान्वयन किया जाता है। आप ग्रामीण, वार्ड स्तर पर निरंतर सेवा प्रदान कर रही है और बेहतर तरीके से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे है।

समस्त ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति विकासखण्ड रायगढ़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम, ब्लॉक स्तर होने वाली समस्याओं का समाधान एवं बेहतर संवाद स्थापित करना, जिससे कार्यों को आसानी से किया जा सके। आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य एवं नशा मुक्ति पर नाटक की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत अध्यक्ष निराकर पटेल ने मितानिनों को संबोधित करते हुए कहा कि हर गतिविधियों में आपकी उपस्थिति शत-प्रतिशत होती है। आपके द्वारा निरंतर नि:स्वार्थ भाव से सेवा प्रदान किया जा रहा है। आप जनसामान्य का परिवार के सदस्य की तरह सेवा करते है और लोगों का विश्वास भी आप पर है। इसी तरह कार्य करते रहे और आगे बढ़ते रहे।

महापौर जानकी काटजू ने मितानिनों को संबोधित करते हुए कहा कि आप हर क्षेत्र में आगे है। आपके द्वारा शासन के विभिन्न योजनाओं को मूर्त रूप देने का कार्य किया जाता है। आप योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सशक्त माध्यम बनते है। उन्होंने उपस्थित मितानिनों को स्वास्थ्य सुविधाओं को जन-जन पहुंचने लिए धन्यवाद दिया।

कलेक्टर रानू साहू ने मितानिन सम्मेलन के लिए बधाई दी, उन्होंने कहा कि गांव, वार्ड, मोहल्ला कही भी परेशानी हो सबसे पहले आप को याद करते है। आप स्वास्थ्य के अलावा शासन की सभी योजनाओं के कार्यों को जिम्मेदारी से पूरा कर रही है। उन्होंने मितानिनों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता के लिए बेहतर कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में मितानिनों ने कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों से प्रत्यक्ष संवाद करते हुए मेडिकल कालेज में इलाज, शिक्षा, राशन, पेंशन, आंगनबाड़ी जैसे समस्याओं को सामने रखा और आवेदन ज्ञापित किए। कार्यक्रम में सदस्य जिला पंचायत संगीता गुप्ता, बीडीसी समारी सिदार एवं जया सिदार, पार्षद रमेश कुमार, सुदर्शन पटेल, गंगा पटेल, पवन प्रधान, एसडीएम गगन शर्मा बीएमओ रितेश जायसवाल, बीपीएम वैभव डियोडिया, जिला समन्वयक मितानीन कार्यक्रम प्रदीप डनसेना, उर्मिला पटेल, यशोदा चौहान, राजकुमारी यादव एवं समस्त मितानिन प्रशिक्षक व मितानिन उपस्थित रही।



## बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह के दौरान बच्चों का किया गया स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण

**रायगढ़।** सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के निर्देशन और राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्पदृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल डॉ.मीणा पटेल व प्रभारी चिकित्सा अधिकारी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रामभांठा डॉ.काकोली पटनायक के मार्गदर्शन में रायगढ़ शहरी क्षेत्र में 14 से 20 नवम्बर तक बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। इस कार्यक्रम में रायगढ़ शहरी क्षेत्र के स्कूली बच्चों का चिरायु टीम डॉ.फणीन्द्र कुमार भैना, डॉ.गौरी जायसवाल, ललीता उरांव द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण और अनुप कुमार पटेल (नेत्र सहायक अधिकारी) द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया। इस मौके पर बच्चों को यह बताया गया कि आंखो को स्वस्थ रखने के लिये विटामिन से परिपूर्ण भोजन जैसे-पपीता, गाजर, अमरूद, पीला फल, हरे पत्तेदार भाजी आदि का सेवन करें और अनावश्यक मोबाईल का उपयोग ना करें। बालनेत्र सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत और इसके पूर्व अभी तक रायगढ़ शहरी क्षेत्र के 25 स्कूलों के 1579 बच्चों का नेत्र परीक्षण किया जा चुका है, जिसमें 115 दृष्टिदोष से पीड़ित बच्चें मिलें, जिसमें 75 बच्चों को नि:शुल्क चश्मा प्रदान किया जा चुका है और नेत्र रोग से पीड़ित बच्चों को चिन्हाकिंत कर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## जिला चिकित्सालय में मोतियाबिंद, आर्थोपेडिक सर्जरी एवं महिला नसबंदी का हो रहा सफल आपरेशन





**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू के दिशा-निर्देशन व सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैंकरा, सिविल सर्जन डॉ.आर.एन मंडावी के निगरानी में जिला चिकित्सालय में महिला नसबंदी, मोतियाबिंद, आर्थोपेडिक सर्जरी का सफल ऑपरेशन किया जा रहा है। जिला चिकित्सालय रायगढ़ में माह नवंबर में एक मिनट दूरबीन पद्धति से डॉ.ए.के.कुशवाहा व डॉ.एन.के बारा द्वारा 131 महिला नसबंदी एवं 22 सर्जरी किया गया। इसी तरह अस्थि रोग डॉ.दिनेश पटेल व डॉ.आर.के.गुप्ता द्वारा 68, डॉ.आर.एम.मेसराम व डॉ.मीणा पटेल, डॉ.दिव्या टोप्पो द्वारा 348 लोगों का नेत्ररोग मोतियाबिंद ऑपरेशन, सिजेरियन सेक्शन से डॉ.सुषमा एक्का, डॉ.उपमा पटेल, डॉ.उषा रानी चौधरी द्वारा 62 सर्जरी किया गया। जिला चिकित्सालय रायगढ़ में पात्र हितग्राहियों को जिला चिकित्सालय में सुविधाएं प्रदान की जा रही है। सीएमएचओ डॉ.ठाकुर ने जिलेवासियों से आग्रह किया है कि जिला चिकित्सालय में मिलने वाली सुविधाओं का लाभ ले सकते है।

## बड़े भाई ने धोखे से हड़प ली 13 लाख मुआवजा राशि, धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया रिमांड पर

- सामिलाती खाते की जमीन अधिग्रहण किए जाने पर रेल्वे से चार भाईयों को मिला था मुआवजा
- आरोपी अपने भाईयों से धोखाधड़ी कर सहमति पत्र पर फर्जी हस्ताक्षर कर निकाल लिया 13 लाख रूपए



**रायगढ़।** धरमजयगढ़ पुलिस ने कल लंबे समय से फरार धोखाधड़ी के आरोपी खेमसाय सारथी (70 साल) निवासी ग्राम चारमार थाना करतला जिला कोरबा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी अपने तीन छोटे भाईयों के साथ धोखाधड़ी कर जमीन मुआवजा में मिले 13 लाख रूपये बैंक में फर्जी सहमति पत्र पेश कर निकाल लिया और सारे रूपये खर्च कर लौटाने से इंकार कर किया था।

जानकारी के अनुसार आवेदक मोतीराम सारथी पिता स्व. बुधराम सारथी उम्र 48 वर्ष सा. चारमार थाना करतला जिला कोरबा हाल मुकाम ग्राम कुचैना थाना कुसमुण्डा जिला कोरबा के द्वारा धोखाधड़ी के संबंध में आवेदन दिया गया जिसके अनुसार खेमसाय सारथी, हीराराम सारथी, गंगाराम सारथी,मोतीराम सारथी निवासी ग्राम धसकामुड़ा, थाना- छाल , तहसील- धरमजयगढ़, जिला - रायगढ़ के निवासी है। इनके पैतृक गांव के सामिलाती भूमि ग्राम धसकामुडा प.ह.न. 46 खसरा न. 488/3 रकबा 0.405 हेक्टेयर को रेल्वे द्वारा अधिग्रहण किया गया जिसका मुआवजा राशि कुल 13,27,000 रूपये मिला था जिसे इसका बडा भाई खेमसाय सारथी चोरी छिपे आईसीआईसीआई बैंक शाखा धरमजयगढ़ में खाता खुलवाकर सम्पूर्ण रकम अपने खाते में डालकर फर्जी सहमति पत्र नोटरी से तैयार कराकर रकम आहरण कर लिया। आवेदक एवं अन्य भाईयों के द्वारा आपसी मुआवजा का बटवारा करने कहने पर किसी को पैसा नहीं देने भोला शिकायती आवेदन पत्र पर दिनांक 27.03.2022 को आरोपी खेमसाय सारथी के विरुद्ध धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी लंबे समय से अपने जान परिचित के यहां शरण लिया हुआ था, जिसकी सूचना देने थाना प्रभारी धर्मजयगढ़ अपने मुखबिर तैनात कर रखे थे, कल मुखबिर सूचना पर आरोपी को हिरासत में लिया गया। आरोपी पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर मुआवजा में प्राप्त रकम को खर्च कर देना बताया है जिसे कल गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया , जहां से उसे जेल वारंट पर जेल दाखिल किया गया है । आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी की कार्यवाही में थाना प्रभारी धरमजयगढ़ उपनिरीक्षक नंदलाल पैंकरा, प्रधान आरक्षक प्रकाश तिवारी की प्रमुख भूमिका रही है।

## पुरूष नसबंदी पखवाड़ा के अवसर पर सीएचसी लोईंग में कार्यशाला आयोजित

- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ग्रामीण स्तर पर प्रचार-प्रसार के लिए सीएमएचओ ने दिखाई जागरूकता रथ को हरी झण्डी



**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में आज दिनांक 21 नवंबर 2022 को पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोईंग के सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का थीम-'अब पुरुष निभाएंगे जिम्मेदारी, परिवार नियोजन अपनाकर दिखाएंगे अपनी भागीदारी' विषय पर आधारित है। इस मौके पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एस.टोप्पो तथा डॉ.राजेश मिश्रा उपस्थित रहे। पुरूष नसबंदी पखवाड़ा के अवसर पर सीएमएचओ डॉ.ठाकुर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ग्रामीण स्तर पर प्रचार के लिए जनजागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उक्त कार्यक्रम के तहत संपर्क एवं जागरूकता सप्ताह 21 से 27 नवंबर तक और सेवा प्रावधान सप्ताह 28 नवंबर से 4 दिसंबर तक मनाया जाना है। उक्त कार्यशाला में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.हितेश जायसवाल के द्वारा पुरुष नसबंदी के स्थाई एवं अस्थाई साधन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया गया। विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक वैभव डियोडिया के द्वारा बताया गया कि नसबंदी के बाद किसी भी प्रकार की कमजोरी या थकान नहीं होती है एवं व्यक्ति अगले ही दिन से अपने काम में जा सकता है। एनएसव्हीटी-पखवाड़ा के अंतर्गत पुरुष नसबंदी हेतु एनएसव्हीटी उपाय के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बताया गया कि यह एक बहुत ही विश्वसनीय, आसान, स्थाई और सुरक्षित तरीका है तथा इस विधि में ना तो चिरा लगता है और ना ही टाका लगता है और व्यक्ति 5 मिनट के इस प्रक्रिया के पश्चात 1 घंटे के बाद घर जा सकता है। नसबंदी के बाद सामान्य दैनिक कार्य किए जा सकते हैं एवं शारीरिक शक्ति एवं फूर्ति पूर्व की भांति यथावत बनी रहती है। परिवार को अनचाहे गर्भ के चिंता से मुक्ति मिल जाती है जीवनसाथी को महिला नसबंदी के बोझ से मुक्ति मिल जाती है। पखवाड़े में सबसे अधिक नसबंदी ऑपरेशन कराने तथा हितग्राहियों को इस अभियान में जोडऩे हेतु, उम्मेद राम पटेल की सराहना करते हुए निर्देश दिए गए। पुरूष नसबंदी पखवाड़ा के उद्घाटन कार्यक्रम का प्रचार प्रसार करते हुए गर्भ निरोध के अस्थाई साधन जैसे कण्डोम का नि:शुल्क वितरण किया गया।

उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य संगीता गुप्ता, सुरेश गुप्ता, सूरत राम पटेल सरपंच लोइंग, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से डॉ.राजेश मिश्रा आरएमएनसीएचए सलाहकार, जया मजूमदार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोईंग से बी.ई.टी.ओ. उम्मेद राम पटेल, नेत्र सहायक अधिकारी टी.सी. पटेल, विकासखण्ड लेखा प्रबंधक पवन प्रधान, व्हीबीडी टेक्निकल सुपरवाइजर निर्मल प्रसाद, विकासखंड डाटा प्रबंधक योगेश यादव, सचिवीय सहायक आशीष साहू के साथ समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्कूल की फीस भरने परिवार की मदद के लिए आगे आए नगर कोतवाल

- जन सहयोग से छात्र की फीस की कराई व्यवस्था



**रायगढ़।** पुलिस विभाग कानून व्यवस्था, आपदा व राहत कार्यों के निर्वहन के साथ आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के सहयोग के लिए आगे रहती है, इसी कड़ी में एक और वाक्या आज कोतवाली में देखने मिला। आज सुबह पूछापारा में रहने वाला बुजुर्ग व्यक्ति बिरजू राम (82 वर्ष) उसके नाती की पढाई को लेकर अपनी चिंता थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे से साझा किया। बिरजू राम बतायी कि उसका नाती स्थानीय प्रायवेट स्कूल में पढाई कर रहा है, परिवार की माली हालत कुछ ठीक नहीं होने से उसका बेटा नाती की फीस कई महीनों से नहीं दे पाया है, उसे डर है कि उसका नाती परीक्षा से वंचित ना हो जाये। थाना प्रभारी ने स्कूल की बकाया फीस के संबंध में बिरजू से जानकारी लिये जो काफी बड़ी रकम बताये। थाना प्रभारी द्वारा बिरजू को फीस में मदद के लिए आश्वस्त किये और जन सहयोग से बिरजू के नाती के पढाई और फीस का व्यवस्था कर तत्काल फीस जमा किये। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे द्वारा व्यक्तिगत रूचि लेकर जन सहयोग से छात्र की स्कूल फीस पावती को बिरजू के सुपुर्द किये। बिरजू अपने परिवार की ओर से आर्थिक सहयोग के लिये टीआई शनिप रात्रे को साधुवाद दिये। आमलोग भी कोतवाली पुलिस के इस प्रशंसनीय कार्य की सराहना कर रहे हैं।

## ट्रैफिक पुलिस ने सुरक्षित यातायात के प्रति स्कूली बच्चों को किया जागरूक, दिया गया यातायात नियमों की जानकारी

**रायगढ़।** सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं उपाय से स्कूली बच्चों को जागरूक करने यातायात पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में यातायात जागरूकता अभियान की शुरूवात की गई है। आज सुबह थाना यातायात के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्थानीय साधु राम विद्या मंदिर रायगढ़ में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

थाना यातायात के सहायक उप निरीक्षक उमाशंकर नायक, मनोज तिवारी एवं प्रधान आरक्षक मुकेश चौहान ने स्कूली बच्चों को यातायात नियम और रोड सेफ्टी के प्रति जागरूक कर अभियान की शुरूआत की। यातायात पुलिस के अधिकारी ने छात्रों को बताये कि शहर में नाबालिग बच्चों को वाहन दौड़ाते देखा जा रहा है जो नियम विरूद्ध है , ऐसे बच्चों के पालकों पर कार्यवाही का प्रावधान है। पुलिसकर्मी बताये कि यातायात नियमों का पालन किसी डर या भय से नहीं, बल्कि मन से करें। सड़क पर यात्रा नियमों का पालन करने से निश्चित रूप से दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगेगा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को सड़क में प्रवेश करने के नियम तथा चलने के नियम, यातायात संकेत, सड़क दुर्घटना के कारण, निवारण के साथ-साथ मोटर व्हीकल एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति निष्ठावान होने की शपथ दिलाये और कहा गया कि अपने पालकों एवं आसपास रहने वाले लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। इस दौरान अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को यातायात संबंधी बुकलेट वितरित किये। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राएं, अध्यापकगण, स्कूल स्टाफ एवं थाना यातायात के सहायक उप निरीक्षक उमाशंकर नायक, मनोज तिवारी, प्रधान आरक्षक मुकेश चौहान, गजेन्द्र पैकरा, मनीष मिंज,अंजोर दीपक व अन्य स्टाफ मौजूद थे।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में पहुंचे आवेदकों की सुनी समस्याएं, अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश

- दिव्यांग एवं वृद्धा पेंशन के मामलों पर करें त्वरित कार्यवाही
- बच्चों के भविष्य को देखते हुए बोड़ा के हाईस्कूल में शीघ्र करें अतिरिक्त शिक्षक की पदस्थापना



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने आज जनदर्शन के माध्यम से लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसील बरमकेला के ग्राम विष्णुपाली निवासी लाल कुमार एवं बैसाखू भोय वृद्धा पेंशन तथा ग्राम-झिंकीपाली के बिमलेश साव विकलांग पेंशन दिलाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने संबंधित अधिकारी को उनके आवेदनों पर अविलंब कार्यवाही के निर्देश दिए। जनदर्शन में शासकीय हाईस्कूल बोड़ा में अतिरिक्त शिक्षक की मांग को लेकर विद्यार्थी के पालक आए थे। सभी पालकों ने कलेक्टर को अवगत कराया कि हाईस्कूल बोड़ा में मात्र 2 शिक्षक ही पदस्थ है, जिसके चलते कई विषयों की पढ़ाई वहां सही ढंग से नहीं हो पा रही है, जिसकी वजह से हमारे बच्चे पढ़ाई में पिछड़ रहे है। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के भविष्य को देखते हुए अतिरिक्त शिक्षक व्यवस्था करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए।

ग्राम सोढ़ऱडीह के ग्रामवासी सड़क चौड़ीकरण सह मुरूमीकरण की मांग संबंधी आवेदन लेकर आये थे। उनका कहना था कि ग्राम सोढ़ऱडीह से खोखसीपाली पंचायत मुख्यालय एवं नवीन कृषि उपज मंडी लिमगांव पहुंच मार्ग सकरा एवं कई जगह सड़क भी खराब हो गयी है। जिसके चलते वहां से आने-जाने में काफी मुश्किल होती है एवं बच्चों के लिए स्कूल आने-जाने में समस्या होती है। बरसात के दिनों में तो सबसे ज्यादा परेशानी होती है। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने सीईओ जनपद सारंगढ़ को उक्त समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। इसी तरह सारंगढ़ क्षेत्र के दर्जनभर लोग वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टा प्राप्ति के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि कुल 335 में से 122 हितग्राहियों को वर्ष 2021 में निर्धारित प्रपत्र में वन अधिकार पट्टा प्रदान कर दिया गया है। लेकिन शेष 213 पात्र हितग्राहियों को अभी तक वन अधिकार पट्टा अप्राप्त है। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने एडीएम को उक्त आवेदन पर जांच करते हुए शेष हितग्राहियों को शीघ्र पट्टा प्रदाय की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम-कंवलाझर, बैरागपुर, तुरीपारा, बुटीपारा, पैलपारा और सोंगनीपठार के समस्त कृषक पुटका डेम के मुख्य नहर से अधूरा माइनर कंवलाझर नहर को बनाने के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। आवेदकों का कहना था कि नहर के बन जाने से सोगनीपठार और सारंगढ़ क्षेत्र के लगभग 400 एकड़ खेतों को सिंचित किया जा सकता है। कलेक्टर कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने संबंधित अधिकारी को वस्तुस्थिति की जांच करने के निर्देश दिए है।

इसी तरह जनदर्शन में अन्य लोग भी अपनी मांग के संबंध आवेदन लेकर आये थे। कलेक्टर डॉ. सिद्दकी ने उक्त सभी आवेदनों पर संबंधित अधिकारी को आवश्यक शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480